INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: 6 3rd Lang.	Department: Hindi	Date of submission:
रचनात्मक कार्य	Topic: अनुच्छेद- मेरा प्रिय फल	Note: Pl, Write in the Notebook

अनुच्छेद - मेरा प्रिय फल

दुनिया में कई प्रकार के फल पाए जाते हैं जैसे: संतरा, सेब, केला, अमरुद, आम, चीकू, अनार आदि| इन सब में से मेरा प्रिय फल आम है| आम खाने में काफी स्वादिष्ट होता है। मुझे तो कच्चे आम भी खाने में खूब अच्छे लगते है और मीठे

पके आम का कोई जवाब ही नही है। आम के फल को बच्चो से लेकर बूढ़े तक बड़े स्वाद से खाते हैं। आम का फल गर्मी के मौसम में पाया जाता है। पके आम का सेवन फल के रूप करते हैं, वही कच्चे आम का अचार और चटनी बनती है। आम हमें बाजार में कई आकार में मिल जाते हैं। आम की पैदावार सबसे अधिक भारत में होती है। आम में कई तरह के विटामिन पाए जाते है। जैसे कि विटामिन ए, बी, डी आदि। आम में विटामिन के अलावा आयरन और मिनरल्स की मात्रा कही अधिक होती है। स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से यह फल काफी फायदेमंद होता है। इन सब गुणों के कारण आम को फलों का राजा कहा जाता है और इसलिए आम मुझे सबसे अधिक पसंद है|

....